श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर

एवं

प्रयत्न संस्था, मुजफ्फरनगर

के मध्य

समझौता ज्ञापन

भूमिका

''श्रीराम कॉलेज'' (प्रथम पक्षकार) चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से संबद्धता प्राप्त उत्तर प्रदेश का अग्रगण्य स्ववित्तपोषित उच्च शिक्षण संस्थान है जोकि स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर विभिन्न नियमित पाठ्यक्रमों को संचालित करता है। श्रीराम कॉलेज विगत अनेक वर्षों से शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहा हैं। शिक्षा के साथ–साथ श्रीराम कॉलेज अपने सामाजिक दायित्वों को भी भलि–भाँति समझता है तथा अपने राष्ट्रीय कर्त्तव्यों के प्रति भी जागरूक हैं।

तथा

''प्रयत्न संस्था'' (द्वितीय पक्षकार) जोकि एक सामाजिक संस्था है तथा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है। यह संस्था सामाजिक, सांस्कृतिक उद्देश्यों को आगे बढाने के लिये कृतसंकल्प है।

दोनो पक्षकार सामाजिक क्षेत्र में छात्र–छात्राओं की भागेदारी को बढाने को दृष्टिगत रखते हुये परस्पर सहयोग से अनेक सामुदायिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करना चाहते है। दोनो पक्षकारों ने सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में छात्र–छात्राओं के योगदान के महत्व को पहचानते हुए तथा संयुक्त सहायोग के क्षेत्रों में मैत्रीपूर्ण सहयोग एवं आदान–प्रदान को बढावा देने के लिए पारस्परित परामर्श के पश्चात दोनो पक्षकार निम्नलिखित के लिए सहमत हुए है–

<u>सहमति के बिन्दुः</u>

1. श्रीराम कॉलेज तथा प्रयत्न संस्था संयुक्त रूप से सामाजिक तथा सांस्कृतिक उत्थान के लिये नगर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा जागृति से जुड़े कार्यक्रमों का समय–समय पर आयोजन करेगें।

SHRI RAM COLLEGE

2. समाज में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने हेतु महापुरुषों की जयंतियों तथा पुण्यतिथियों के अवसर पर कार्यक्रमों का संयुक्त रूप से आयोजन करना तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना।
3. महिला उत्थान के उद्देश्य को आगे बढ़ाने हेतु महिलाओं के हित में जागृति कार्यक्रम, कानूनी सहायता, सम्मेलन, गोष्ठियॉ आदि कार्यक्रम का संयुक्त रूप से आयोजन करना।
4. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु स्वरोजगार तथा व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन करना तथा संयुक्त रूप से योजना का निष्पादन करना।
5. महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु चिकित्सकीय परामर्श, तथा अन्य स्त्री रोगों से संबंधित शिविरों का संयुक्त रूप से आयोजन करना।
6. पॉच से बारह वर्ष के बच्चों के लिये कुपोषण, रूग्णता, अशिक्षा जैसी समस्याओं के निराकरण हेतु प्रभावशाली प्रयास करना ।
7. युवाओं के लिये रोजगार मेले तथा परामर्श इत्यादि के द्वारा रोजगार सृजन करने हेतु गम्भीर प्रयास करना।
8. छात्र–छात्राओं को समाज में नैतिक मूल्य स्थापित करने की दिशा में प्रेरित करने के प्रयास करना।
9. श्रीराम कॉलेज के विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करना।
10. साझा हित के विषयों पर सेमिनार, कार्यशाला व प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करना।
11. पारस्परिक सहयोग का कोई अन्य बिन्दु जिस पर दोनो पक्षकार सहमत हों।
12. उक्त सभी क्रियाकलापों का उद्देश्य धन कमाना न होकर समाज सेवा होगा अर्थात सभी आयोजन निःशुल्क किए जायेगे।
13. दोनो पक्षकार संगठनात्मक एवं कानूनी तौर पर अपने कार्य एवं स्वतंत्रता को बनाये रखेगा।

SHRI RAM COLLEGE MUZAFFARNAGAR

14.इस समझौता ज्ञापन के प्राधिधानों के कार्यान्वयन से उत्पन्न किसी भी विवाद को पक्षकारों द्वारा आपसी बातचीत अथवा परामर्श के माध्यम से निपटाया जायेगा।

15.इस समझौता ज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा परिवर्तन दोनो पक्षकारों की आपसी सहमति से होगा।

16. यह समझौता ज्ञापन दोनो पक्षकारो द्वारा हस्ताक्षर करने की तिथि से लागू होगा तथा यह तीन वर्षो के लिए लागू रहेगा। दोनो पक्षकार आपसी सहमति से इस अवधि के पूर्ण होने पर पुनः इसे आगे की अवधि के लिए बढा सकते है अथवा किसी भी समय समाप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त सभी बिंदुओं के अतिरिक्त यदि किसी समय पर प्रतीत हो कि कोई विशेष कार्य समाज कल्याण हेतु करणीय है उसे संयुक्त रूप से आयोजित, संचालित, प्रचारित एवं प्रसारित किया जा सकता हैं।

श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर तथा प्रयत्न संस्था सामाजिक संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा दिनांक 24 जुलाई 2017 को संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित कर निष्पादित किया गया।

SHRI RAM COLLEGE MUZAFFARNAGAR

प्राचार्य
श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर

अध्यक्ष / सचिव
प्रयत्न संस्था, मुजफ्फरनगर

साक्षीगण

1

दिनांक

2

दिनांक 24/7/2017